नेशनल पब्लिक स्कूल

केन्गेरी, बेंगलुरु

हिंदी दिवस

१४ सितंबर २०२२

नेशनल पब्लिक स्कूल केन्गेरी में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन उत्सव की तरह किया गया। स्कूल प्रशासन ने इस समारोह का आयोजन किया। सांस्कृतिक समारोह के लिए एक शानदार मंच तैयार किया गया था। उन्होंने सभागार को स्थल के रूप में चुना। पूरे समारोह के संचालन के लिए एक टीम गठित की गई थी। मुख्य अतिथि- प्रधानाचार्य महोदया श्रीमती गीता दिक्षित, हिंदी के विभागाध्यक्ष श्रीमती अंजू सक्सेना तथा सह-संचालिका भी उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने मौके पर पहुँचकर देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में कक्षा १ से लेकर ५ तक छात्र शामिल हुए थे। स्कूल छात्र बहुत उत्साहित थे। सबसे पहले छात्रों ने गणेश वंदना से सबका स्वागत किया और हिंदी भाषा पर अपने विचार प्रकट किए।

इसके बाद कार्यक्रम का मुख्य विषय था "गुरु -शिष्य "। छात्रों ने गुरु का महत्व विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रस्तुत करने का प्रयास किया। छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, कबीर दास के दोहे, बोर्ड सजावट चित्रण जैसी विभिन्न गतिविधियों के साथ 'हिंदी दिवस' मनाया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने हिंदी दिवस के बारें में अधिक जानकारी छात्रों को दी। इसमें उनके शब्द काफी प्रभावशाली थे। उन्होंने कहा कि १४ सितंबर को देश भर में हिंदी दिवस मनाया जाता है और यह विश्व की सबसे बड़ी भाषा है। उन्होंने छात्रों को नई-नई भाषाएँ सिखने के लिए भी प्रेरित किया। तत्पश्चात "सारे जहाँ से अच्छा" इस देशभक्ति गीत से समारोह का समापन हुआ। यह एक अद्‌भुत और आनंददायक समारोह था।

NATIONAL PUBLIC SCHOOL
KENGERI, BENGALURU
हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ
गुरु

NATIONAL PUBLIC SCHOOL
KENGERI, BENGALURU
हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ
हिंदी दिवस

NATIONAL PUBLIC SCHOOL
KENGERI, BENGALURU
हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ
गुरु